St. Thomas' School, Agra

Half Yearly Specimen Question Paper(2024-2025)

Class: VII

Subject: Hindi Literature

M. Time: 2 hours **MM: 80**

Name: ______________________________ Section:_________ Roll no: _________

नोट:- सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

प्रश्न-1. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [5]

किसी ने एक बार गाँधी जी से पूछा कि आपकी सफलता का क्या रहस्य है बापू बोले सफलता तो मैं पा नहीं सका पर जो कुछ भी करने में मैं समर्थ हो सका, उसका एक ही रहस्य है कि मैंने जीवन में सदा इस बात की कोशिश की कि ना एक पैसा फालतू खर्च करूँ और न ही एक मिनट का दुरुपयोग होने दूँ।"

बूँद बूँद से तालाब भरता है और एक-एक मिलकर अनेक की सृष्टि करते हैं। तिल-तिल जो-जो बढ़ते बढ़ते आदमी साढ़े पाँच हाथ लंबा हो जाता है। पैसे-पैसे पर सावधानी की नजर नहीं रखी जाए तो कारूँ का खजाना भी खाली हो सकता है और एक-एक मिनट पर कड़ी निगरानी नहीं रखी जाए तो आदमी की लंबी उम्र भी बेकार-बरबाद हो सकती है।

क.इस गद्यांश में किसके महत्व की बात की जा रही है?

ख.कारूँ का खजाना कब खाली हो जाता है?

ग.गांधी जी की सफलता का क्या रहस्य था?

घ.सृष्टि का अर्थ क्या होता है?

च.दुरुपयोग का वाक्य प्रयोग कीजिए।

प्रश्न-2. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [5]

हारे थके मुसाफिर के चरणों को धोकर पी लेने से
मैंने अक्सर यह देखा है, मेरी थकान उतर जाती है।
कोई ठोकर लगी अचानक जब-जब चला सावधानी से,
पर बेहोशी में मंजिल तक जा पहुँचा हूँ आसानी से।

क.कवि की थकान कैसे उतर जाती है?

ख.मुसाफिर को अचानक क्या लग जाती है?

ग.प्रस्तुत पंक्तियों में क्या भाव व्यक्त हुआ है?

घ.'बेहोशी', 'आसानी' शब्द का अर्थ बताइए?

च.थकान शब्द का वाक्य प्रयोग बनाएं।

प्रश्न-3. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्न के सही उत्तर चुनकर दीजिए।
[5]

क.किसका आशीष लिए बिना दानी को स्वर्ग नहीं मिलता?
(i)याचक का (iii)राजा का
(ii)मालिक का (iv)गुरु का

ख.किसे पकड़ पाना आसान नहीं है?
(i)समय को (iii)वायुयान को
(ii)रेलगाड़ी को (iv)हिरण को

ग.अनुपम के पिताजी का क्या नाम था?
(i)संतोष वर्मा (iii)अशोक वर्मा
(ii)अशोक शर्मा (iv)उपेंद्र वर्मा

घ.कवि मनुष्य से कौन-सा भाव मन में नहीं लाने को कह रहा है?
(i)आशा का (iii)निराशा का
(ii)क्रोध का (iv)दया का

च.किस राज्य में शत प्रतिशत साक्षरता दर है?
(i)तमिलनाडु (iii)केरल
(ii)चेन्नई (iv)कर्नाटक

प्रश्न-4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।
[8]

गागर, तकाज़ा, दाखिला, कानन, अरण्य, विलाप, मुकाम, ग्रीवा

प्रश्न-5. निम्नलिखित वाक्य प्रयोग कीजिए।
[5]

बेपीर, मुनासिब, ईजाद, खासकर, निधि

प्रश्न-6. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।
[5]

क.शारीरिक पूर्णता की तुलना में हमें_______ समर्थता पर अधिक भरोसा करना चाहिए।
ख.केरल भारत का सबसे_________ राज्य है।
ग.पतंग पर चिपके हुए कागज पर लिखा था-'________'।
घ.कलाम के पिता जैनुल आबिदीन__________ थे।
च.मोर का नाम________ रखा गया।
छ. घर में _____ का महत्व है।

प्रश्न-7. निम्नलिखित दिए गए वाक्यों के उत्तर सही एवं गलत में दीजिए।
[5]

क.कबीर के अनुसार हमारा स्वभाव निंदक को पास रखने से निर्मल बनता है।
ख.डॉक्टर कलाम ने सैनिक के रूप में करियर शुरू किया।

ग.पतंग को ऊपर उड़ते हुए देखकर श्यामू का हृदय एकदम खिल गया।
घ.केरल का प्रमुख पेय टमाटर का जूस है।
च.सोच समझ कर खर्च करना अच्छा होता है।

प्रश्न-8. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर लिखिए कि उक्त कथन किसने किससे कहे। [5]
क."जीजी से कहकर गुपचुप एक पतंग और डोर मँगा दो।"
ख."तीतर है, मोर कह कर ठग लिया है।"
ग."देखो, मीना के स्कूल में सब बड़े-बड़े आदमियों के बच्चे पढ़ते हैं, उसके लिए भी बढ़िया-बढ़िया कपड़े लाना!"

घ."क्या तुमने देखा है इस कमरे में कौन आया था।"

च."यह काम सिर्फ गणेश का हो सकता है।"

प्रश्न-9. निम्नलिखित पंक्तियों का संदर्भ प्रसंग सहित आशय स्पष्ट कीजिए। [6]
बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर,
पंछी को छाया नहीं, फल लागे अति दूर।

प्रश्न-10. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए। [3]
क.कम खर्च करने वाला
ख.किसी विषय का पूर्ण ज्ञाता
ग.जहाँ सिक्के ढाले जाते हैं।

प्रश्न-11. बेमेल शब्दों पर गलत का चिन्ह लगाइए।
[2]
क.माँ, दादी, पिता, मास्टर जी
ख.रोना, मुसकराना, चिढ़ना, गुस्सा करना

प्रश्न-12. निम्नलिखित समस्त पदों का सामासिक विग्रह कीजिए। [2]
क.हस्तलिखित
ख.जलमग्न

प्रश्न-13.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में लिखिए। [12]
क.गाँधी जी ने सफलता का क्या रहस्य बताया?
ख.मास्टर जी ने क्या सोचकर अनुपम को स्कूल भेजने पर जोर दिया?
ग.मनुष्य समस्त सुख किस प्रकार प्राप्त कर सकता है?
घ.केरल की जलवायु की क्या विशेषता है?
च.श्यामू ने पतंग के लिए पैसे कैसे प्राप्त किए?
छ.स्विट्जरलैंड ने 26 मई को देश का विज्ञान दिवस क्यों घोषित किया?

प्रश्न-14.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार में दीजिए। [12]

क.जाली के बड़े घर में पहुँचने पर मोर के बच्चों को किस प्रकार स्वागत हुआ?
ख.अनुपम की माँ उसे स्कूल भेजने से पहले क्या और क्यों समझा रही थी?
ग.जीवन में एक पैसा किस प्रकार महत्वपूर्ण है?